Raniganj Girls' College

5th semester

BAHHINDSE503

हिंदी व्याकरण

Total time-2 hours **Full marks- 40**

1. निम्नलिखित किन्ही पाँच प्रश्नों के उत्तर दीजिए। **1x5=5**

क) चौपाई छंद के प्रत्येक चरण में कितनी मात्राएं होती हैं?

ख) अनुप्रास अलंकार की एक विशेषता बताइए।

ग)' ; ' यह किस विराम चिन्ह का संकेत है?

घ) स्वर संधि के कितने प्रकार होते हैं नाम लिखें।

ङ) श्लेश का अर्थ स्पष्ट करें।

च) द्वंद समास का एक उदाहरण प्रस्तुत कीजिए।

छ) दोहा छंद के सम चरणों में कितनी मात्राएं होती है?

ज) कवीयत्री का शुद्ध रूप लिखें।

2. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं पाँच प्रश्नों का पूर्ण वाक्य में उत्तर दें। **2x5=10**

क) अंडज तथा राजकुमार का समास विग्रह कीजिए।

ख) अलंकार किसे कहते हैं? यह कितने प्रकार का होता है?

ग) अनेक शब्दों के लिए एक शब्द - i) जंगल की आग ii) आलोचना करने वाला

घ) संधि विच्छेद कीजिए- i) एकेश्वर ii) हितैषी

ङ) श्लेश अलंकार का एक उदाहरण प्रस्तुत कीजिए।

च) मुहावरे का अर्थ लिखकर वाक्य में प्रयोग कीजिए- i) आकाश-पाताल एक करना ii) कमर कसना

छ) दो वर्णिक छंदों के नाम लिखिए।

ज) "मुझको कल अपनी मित्र के घर पूजा कार्यक्रम पर जाना है।"- वाक्य को शुद्ध कीजिए।

3. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर दीजिए। **3x5=15**

क) संधि तथा समास में अंतर स्पष्ट कीजिए।

ख) क्रिया विशेषण को परिभाषित करते हुए इसका आशय स्पष्ट कीजिए।

ग) मुहावरे तथा लोकोक्ति के महत्व पर प्रकाश डालिए।

घ) चौपाई छंद के लक्षणों को सोदाहरण स्पष्ट कीजिए।

ङ) शब्दालंकार किसे कहते हैं? किसी एक शब्दालंकार की व्याख्या कीजिए।

च) छप्पय छंद के लक्षणों को स्पष्ट कीजिए।

4. निम्नलिखित किसी एक प्रश्न का उत्तर दें। **1x10=10**

क) समास को परिभाषित कीजिए। समास के विभिन्न प्रकारों को उदाहरण सहित लिखिए।

ख) अलंकार किसे कहते हैं? यह कितने प्रकार के होते हैं? काव्य में अलंकार के महत्व को प्रतिपादित कीजिए।

ग) संधि किसे कहते हैं? स्वर संधि के विभिन्न प्रकार को उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए।